# देखो जरा देखो ये खाटू के नज़ारे भजन लिरिक्स

देखो जरा देखो ये खाटू के नज़ारे,
आते हैं यहां पे सभी हारे के सहारे,
डूबे को लगाते हैं किनारे,
सांवरिया डूबे को लगाते हैं किनारे।bd।

तर्ज – पूछो ज़रा पूछो।

---

चल के जो खाटू धाम आए,
कुछ सुबह कुछ शाम आए,
हो हो हो,
चल के जो खाटू धाम आए,
कुछ सुबह कुछ शाम आए,
जुबां पे जिनके नाम तेरा,
श्याम उन्हीं के काम आए,
जो आ गए वो ही पा गए,
श्याम चरणों में देता जगह,
श्रद्धा से जो देखो पास बैठा वो तुम्हारे,
रख के भरोसा मन जो भी पुकारे,
डूबे को लगाते हैं किनारे,
सांवरिया डूबे को लगाते हैं किनारे।bd।

---

शाम को जो अपनाता है,
कष्ट से ना घबराता है,
हो हो हो,
शाम को जो अपनाता है,
कष्ट से ना घबराता है,
रहे सांवरिया साथ सदा,
श्याम के जो गुण गाता है,
सानी नहीं दानी नहीं,
कोई दूजा जगत में बड़ा,
उन पर कृपा है श्याम जिनको निहारे,
पल में बना दे बिगड़ी करे वारे न्यारे,
डूबे को लगाते हैं किनारे,
सांवरिया डूबे को लगाते हैं किनारे।bd।

---

कैसी श्याम की माया है,
कहीं धूप कहीं छाया है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हो हो हो,
कैसी श्याम की माया है,
कहीं धूप कहीं छाया है,
निर्धन हो या धन वाले,
सबपे श्याम का साया है,
फिर क्यों डरे धीरज धरे,
जो है श्याम संग में खड़ा,
जो हुआ दीवाना देखें उसने ही नजारे,
चमका दे क़िस्मत चमके भाग्य के तारे,
डूबे को लगाते हैं किनारे,
सांवरिया डूबे को लगाते हैं किनारे **।bd।**

---

देखो जरा देखो ये खाटू के नज़ारे,
आते हैं यहां पे सभी हारे के सहारे,
डूबे को लगाते हैं किनारे,
सांवरिया डूबे को लगाते हैं किनारे **।bd।**

**Singer – Shweta Agrawal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com